हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 27 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री


12 मड़ानार और मर्दापाल की 238 छात्राओं को मिली…


12 पुलिस-प्रशासन ने एक ही छत के नीचे …



## खबर संक्षेप

### जीएसटी की जटिलताओं विसंगतियों के खिलाफ व्यापारी हों एकजुट

**जगदलपुर।** नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने प्रेस



विज्ञप्ति जारी कर केंद्र सरकार से वस्तु एवं सेवा कर पर जल्द एक स्पष्ट, पारदर्शी और व्यापारी-हितैषी नीति लाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार देश के युवाओं और छात्रों ने एकजुट होकर अपने अधिकारों और न्याय के लिए संघर्ष किया, उसी तर्ज पर आज देश के व्यापारी वर्ग को भी जीएसटी की जटिलताओं और विसंगतियों के खिलाफ एक बड़े और संगठित आंदोलन की आवश्यकता है। जीएसटी को लागू हुए कई वर्ष बीत चुके हैं लेकिन आज तक इसका वास्तविक और व्यावहारिक स्वरूप न तो व्यापारी समझ पाए हैं और न ही जीएसटी अधिकारी या सलाहकार इसे स्पष्ट रूप से समझा पाने में सक्षम हैं। बार-बार किए जाने वाले संशोधनों और अस्पष्ट नियमों के कारण देश भर के छोटे एवं मध्यम व्यापारी बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। कई छोटे व्यापारियों का व्यवसाय पूरी तरह बंद हो गया है और वे गंभीर आर्थिक व मानसिक संकट से गुजर रहे हैं। वहीं बड़े व्यापारी भी इस उलझाव भरी प्रणाली से लगातार परेशान हैं। चौधरी ने देश के समस्त व्यापारिक संगठनों और व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि जीएसटी स्लैब के सरलीकरण और नीतिगत सुधारों को लेकर एक देशव्यापी आंदोलन का ढांचा तैयार किया जाना चाहिए। उन्होंने आश्वस्त किया कि यदि व्यापारी वर्ग इस न्यायसंगत मांग को लेकर आगे आता है, तो कांग्रेस पार्टी और देश का युवा वर्ग व्यापारियों के इस आंदोलन का पूरी मजबूती से समर्थन करेगा।

### एएसपी के तबादले पर साहू समाज ने की मुलाकात



**जगदलपुर।** बस्तर जिला साहू समाज अध्यक्ष हरिलाल साहू ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग को स्थानांतरण पर पुष्प गुच्छ देकर उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। मुलाकात के दौरान साढ़े तीन वर्षों में किए गए कार्यों की सराहना की गई। कई संवेदनशील मामलों का निष्कर्ष निकालने में उनका योगदान रहा। मुलाकात के दौरान जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र साहू, उत्तम कुमार साहू, विजय साहू, पुनीत साहू, हरीश साहू, मनीष साहू, शैलेंद्र साहू,उत्तम साहू, परमानंद साहू उपस्थित रहे।

### 254 रिक्त सीट के लिए 5 अगस्त तक आवेदन

**जगदलपुर।** निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत निजी विद्यालयों की पहली कक्षा में प्रवेश प्रक्रिया अंतिम चरण में है। जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले की कुल 388 निर्धारित आरटीई सीटों में से 134 छात्र-छात्राओं का चयन कर उनका स्कूलों में दाखिला कराया। 254 सीटें रिक्त हैं जिन्हें भरने के लिए विभाग द्वारा पालकों से ऑनलाइन आवेदन 5 अगस्त तक आमंत्रित किए गए हैं। 7 अगस्त तक नोडल प्राचार्यों द्वारा प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी और दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। तत्पश्चात 10 अगस्त से 14 अगस्त के मध्य ऑनलाइन लॉटरी एवं काउंसलिंग के माध्यम से चयनित बच्चों की सूची जारी होगी, जिसके आधार पर 17 अगस्त से 25 अगस्त के बीच संबंधित निजी विद्यालयों में दाखिला सुनिश्चित किया जाएगा। यह पूरी प्रवेश प्रक्रिया 27 अगस्त से पूर्व संपन्न कर ली जाएगी।

# कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा

## 4223 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 2229 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आयोजित प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा रविवार की सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। कलेक्टर परीक्षा के संचालन हेतु जगदलपुर शहर में 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। 4223 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 2229 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 1994 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार परीक्षा में उपस्थिति प्रतिशत 52.78 दर्ज किया गया।

जानकारी के अनुसार शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज में 360 में से 189 उपस्थित और 171 अनुपस्थित, झाड़ा सिरहा शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में 360 में से 185 उपस्थित और 175 अनुपस्थित तथा शासकीय दन्तेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय में 360 में से 195 उपस्थित व 165 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्र. एक में 193 उपस्थित व 167 अनुपस्थित, जगतू माहरा शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 360 में से 183 उपस्थित व 177 अनुपस्थित और सेजेस शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्र. 2 में 360 में से 189 उपस्थित व 171 अनुपस्थित दर्ज किए गए। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय धरमपुरा में 360 में से 178 उपस्थित व 182 अनुपस्थित, स्वामी विवेकानंद शासकीय ▶▶|शेष पेज 12 पर



### अभ्यर्थियों की मेटल डिटेक्टर से सघन जांच



परीक्षा केंद्रों पर अनुशासन और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए मेटल डिटेक्टर से सघन जांच के बाद ही अभ्यर्थियों को प्रवेश की अनुमति दी गई। इसके साथ ही प्रशासन द्वारा निर्धारित कड़े ड्रेस कोड का सख्ती से पालन कराया गया, जिसके तहत परीक्षार्थी हल्के रंग के कपड़े, हाफ टी-शर्ट और चप्पल पहनकर पहुंचे। जूता, मोजा, घड़ी, पर्स, बेल्ट, मोबाइल, स्कार्फ, टोपी तथा आभूषण जैसी प्रतिबंधित वस्तुओं को केंद्र के बाहर ही रोक दिया गया। परीक्षा के सफल संचालन और परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर मनीष कुमार वर्मा, समन्वयक डॉ. अनिल श्रीवास्तव एवं सह-समन्वयक डॉ. अजय सिंह ठाकुर सहित सभी पर्यवेक्षक लगातार व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहे।

## कतिपय देशविरोधी तत्व आंदोलनों के माध्यम से युवाओं को भ्रमित कर रहे : सांसद

# राष्ट्र निर्माण में भाजपा के युवा सबसे सशक्त माध्यम : देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



भारतीय जनता युवा मोर्चा के रविवार को आड़ावाल में आयोजित कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अभिलाष यादव के नेतृत्व में बस्तर जिले के तेरह मंडल के सैकड़ों युवाओं ने भारतीय जनता युवा मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं की उपस्थिति ने भाजपा और भाजयुमो के प्रति युवाओं के बढ़ते विश्वास को प्रदर्शित किया।

- आड़ावल में सैकड़ों युवाओं ने भाजयुमो की सदस्यता ग्रहण की

मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी युवाओं को राष्ट्र निर्माण का सबसे सशक्त माध्यम मानती है। भाजपा युवा मोर्चा के माध्यम से युवाओं को नेतृत्व, सेवा और जनहित के कार्यों से जोड़कर विकसित भारत के संकल्प को साकार किया जा रहा है। उन्होंने नवयुवाओं से संगठन की विचारधारा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया।

सांसद महेश कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से प्रेरित होकर बड़ी संख्या में युवा भाजपा से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ देशविरोधी तत्व आंदोलनों के माध्यम से युवाओं को भ्रमित करने का प्रयास करते हैं तथा कुछ लोग नक्सली हिड़मा जैसे व्यक्ति का महिमामंडन करने की कोशिश करते हैं, जबकि वह हजारों निर्दोष लोगों की हत्या के लिए जिम्मेदार रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रेरणा स्त्रोत ऐसे लोग नहीं, बल्कि शहीद गेंद सिंह, वीर गुंडाधुर, शहीद डेबरीधुर, चंद्रशेखर आजाद, स्वामी विवेकानंद और शहीद भगत सिंह जैसे राष्ट्रभक्त महापुरुष हैं, जिनके आदर्शों पर चलकर युवा राष्ट्र सेवा में अपना योगदान दें।

भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया ने कहा कि युवा शक्ति देश के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। भारतीय जनता युवा मोर्चा युवाओं को नेतृत्व के अधिक अवसर प्रदान कर उन्हें समाज और राष्ट्र सेवा के लिए तैयार कर रहा है। उन्होंने कहा कि बस्तर में हजारों युवाओं का भाजयुमो से जुड़ना इस बात का प्रमाण है कि युवा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और भाजपा की राष्ट्रवादी विचारधारा पर अपना विश्वास जता रहे हैं। उन्होंने नवसदस्यों से संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने, समाजहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा विकसित भारत के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आह्वान किया। संचालन भाजयुमो जिला महामंत्री राम प्रसाद मौर्य ने किया तथा जिला उपाध्यक्ष आनंद झा ने आभार व्यक्त किया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष पदलाम नाग, जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मंडावी, महापौर संजय पांडे, लच्छूराम कश्यप, योगेंद्र पांडे, रामाश्रय सिंह, जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे, आर्येंद्र सिंह आर्य, रजनीश पाणीग्राही एवं परिस राम बेसरा, सुब्रतो विश्वास, अविनाश श्रीवास्तव, प्रकाश झा, कुणाल ठाकुर,पीयूष सिंह जय हिंदुजा विकास दुआ, विनय राजू, संग्राम सिंह राणा, आलेख राज तिवारी, विकास पात्रों, सत्यम झा, जीवनाथ मौर्य, अनुष्का साहू, रोहन घोष, राहुल सोनी, मनी विक्रम नायडू,मोरध्वज सेठिया, विक्रम ठाकुर, जशवंत जोशी, तमिश नायडू, जिला एवं जनपद पंचायत सदस्यगण तथा अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सेवा सेतु पोर्टल से मिलेंगे ट्रेड लाइसेंस और राशन कार्ड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगरपालिका निगम नागरिकों के लिए जनसुविधाओं को अधिक सुलभ, पारदर्शी और त्वरित बनाने की दिशा में पहल शुरू की है। अब शहरवासी व्यवसाय करने की अनुमति यानी ट्रेड लाइसेंस और राशन कार्ड से जुड़ी तमाम सेवाओं का लाभ सीधे ऑनलाइन प्राप्त कर सकेंगे।

इन सभी सेवाओं को सेवा सेतु पोर्टल से जोड़ दिया गया है, जिसके माध्यम से नागरिक किसी भी लोक सेवा केंद्र या चॉइस सेंटर में जाकर आसानी से आवेदन कर सकते हैं। इस डिजिटल पहल का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों और स्थानीय व्यापारियों को निगम कार्यालयों के बार-बार चक्कर काटने की परेशानी से मुक्ति दिलाना है। अब राशन कार्ड में नए सदस्यों का नाम जोड़ने, नाम हटाने तथा एपीएल, बीपीएल एवं अंत्योदय श्रेणी के नए राशन कार्ड बनवाने जैसे महत्वपूर्ण कार्य डिजिटल माध्यम से तय समय-सीमा के भीतर पूरे किए जा सकेंगे। इसी तरह व्यापारियों के लिए भी नए ट्रेड लाइसेंस बनवाने और पुरानी अनुमतियों के नवीनीकरण की प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया गया है, जिससे संपूर्ण व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी। कार्यक्रम के दौरान एमआईसी सदस्य योगेंद्र पांडे, लक्ष्मण झा, संजय विश्वकर्मा, नगर निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा, डिस्ट्रिक्ट मैनेजर राकेश भट्ट तथा राजस्व उप-निरीक्षक कुलदीप पानीग्राही शामिल थे।

# स्वयंसेवकों को सिखाया एआई टूल्स का उपयोग




**जगदलपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करीतगांव विकासखंड बकावंड की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने कक्षा 11वीं एवं 12वीं के स्वयंसेवकों के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं उसके विभिन्न आयाम विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया। शुभारंभ हस्तनिर्मित एन.एस.एस. बैज पहनाकर मुख्य वक्ता एवं प्रशिक्षक सागरिका गुप्ता, प्राचार्या मोनिता पाणिग्राही तथा व्याख्याता कल्पना रॉय का स्वागत कर किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता ▶▶|शेष पेज 12 पर

- शासकीय विद्यालय करीतगांव में कार्यशाला आयोजित कर दी गई उपयोगी जानकारी

# उत्सव में नागपुर के पंडित माचिस से नहीं पत्थर की चिंगारी से जलाएंगे दीप

**जगदलपुर।** शहर के धरमपुरा मार्ग स्थित शिरडी साईं बाबा मंदिर में गुरु पूर्णिमा उत्सव पर नागपुर से आए चुनिंदा पुजारियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ साईं बाबा का पूजन संपन्न कराया जाएगा। नागपुर के पुजारी वेदों और भारतीय संस्कृति में पत्थरों को आपस में घिसकर (अग्नि मंथन या प्रज्वलन) अग्नि उत्पन्न करने की परंपरा रही है। माचिस या आधुनिक चीजों के बजाय प्राकृतिक तरीके से चिंगारी निकालकर दीप जलाना पूरी तरह से ▶▶|शेष पेज 12 पर

- वैदिक मंत्रोच्चार के साथ साईं बाबा का कराया जाएगा पूजन



### पालकी यात्रा में शामिल होगी रायपुर की मंडली

श्री साईं सेवा समिति की ओर से प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्सव में 28 जुलाई की शाम 4 बजे पालकी यात्रा एवं कलश यात्रा निकाली जाएगी, पालकी यात्रा में रायपुर की मंडली शामिल होंगी। पालकी यात्रा मंदिर से अग्रसेन चौक, दंतेश्वरी मंदिर, गोल बाजार, स्टेट बैंक चौक, चांदनी चौक से अग्रसेन चौक होते हुए मंदिर में पहुंचकर समापन किया जाएगा। साथ ही 29 जुलाई की दोपहर महाभंडारा का आयोजन किया जाएगा।

## पत्रकारों व व्यापारियों के साथ की पहली बैठक

# आपसी विश्वास एवं सहयोग से ही अपराधों पर नियंत्रण संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

नगर के नवपदस्थ थाना प्रभारी मुकेश पटेल ने पदभार ग्रहण करने के बाद पत्रकारों एवं व्यापारियों के साथ परिचयात्मक बैठक की। बैठक का उद्देश्य पुलिस, मीडिया और व्यापारिक वर्ग के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना तथा क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में सहयोग प्राप्त करना था।

- थाना प्रभारी पटेल ने संभाला कार्यभार



थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस और आमजन के बीच आपसी विश्वास एवं सहयोग से ही अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। यदि कहीं भी अवैध रूप से नशीले पदार्थों का कारोबार या गतिविधियां संचालित होती दिखाई दें तो उसकी सूचना किसी भी माध्यम से पुलिस तक पहुंचाएं। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी तथा दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने समाज में आपसी भाईचारा, शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए सभी वर्गों के सहयोग की अपेक्षा जताई। बैठक के अंत में थाना प्रभारी ने भरोसा दिलाया कि थाना परिसर ▶▶|शेष पेज 12 पर

## पढ़ाई के दौरान स्मार्ट फोन और सोशल मीडिया से दूर रहने की सलाह

# कठिन परीक्षा को उत्तीर्ण करने निरंतरता, सही दिशा और आत्मविश्वास आधार स्तंभ : छिकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लाला जगदलपुरी केंद्रीय ग्रन्थालय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए आत्मीय संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में कलेक्टर आकाश छिकारा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय खन्ना और सहायक कलेक्टर यशवंत नायक शामिल हुए।

- कलेक्टर सहित अन्य उच्च अधिकारियों ने युवाओं को दिए प्रतियोगी परीक्षा में पास होने के गुर



अधिकारियों ने सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के दिनों और प्रशासनिक यात्रा से जुड़े व्यक्तिगत अनुभवों को युवाओं के साथ साझा किया। कलेक्टर ने युवाओं को सफलता के महत्वपूर्ण सूत्र देते हुए स्पष्ट किया कि किसी भी कठिन परीक्षा को उत्तीर्ण करने के लिए निरंतरता, सही दिशा और आत्मविश्वास ही सबसे बड़े आधार स्तंभ होते हैं। उन्होंने आंतरिक प्रेरणा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि जब तक लक्ष्य का क्यों स्पष्ट नहीं होगा, तब तक बाहरी प्रेरणा लंबे समय तक काम नहीं आ सकती। तैयारी के दौरान आने वाली रुकावटों की चर्चा करते हुए उन्होंने स्मार्टफोन और सोशल मीडिया को सबसे बड़ा भटकाव बताया तथा ▶▶|शेष पेज 12 पर

### शंकाओं का हुआ समाधान

अधिकारियों ने सरल और दोस्ताना अंदाज में अभ्यर्थियों द्वारा पूछे गए सिलेबस, समय प्रबंधन और परीक्षा के तनाव जैसे व्यावहारिक प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी शंकाओं का समाधान किया। जिले के सर्वोच्च प्रशासनिक नेतृत्व को अपने इतने करीब पाकर युवाओं का आत्मविश्वास दोगुना हो गया और उन्होंने जिला प्रशासन की इस सराहनीय पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा अशोक पाण्डे सहित ग्रन्थालय के सदस्यगण और अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# बरसात के चलते बाजार में हरी सब्जियों के भाव बढ़े



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बरसात के चलते बाजार में हरी सब्जियों के भाव बढ़े हैं। यदि बारिश का सिलसिला जारी रहा तो आने वाले दिनों में सब्जियों के दामों में और बढ़ोतरी हो सकती है। शहर के बाजार में इस रविवार को बोड़ा 500 रुपए प्रति किलो तक बिक रहा है। इसके विपरीत टमाटर की आवक अच्छी होने के कारण इसका दाम मात्र 25 रुपए किलो में बिक रहा है। बाजार में टमाटर 25, परवल 60, करेला 80, पत्तागोभी 40, फूलगोभी 100, बरबट्टी 40, भट्टा 80, कुंदरू 40, आलू 20, प्याज 40, गंवरफल्ली 30, सेम 60, खेक्सी 100, पालकभाजी 100 रूपए, धनियापत्ती 200 रुपए प्रतिकिलो और लालभाजी 20 रूपए में 12 जूड़ी में बिक रही है।

- बाजार में बोड़ा 500 व टमाटर 25 रूपए किलो

## खबर संक्षेप

### धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा देश हित में

**सुकमा।** जंतर मंतर में हो रहे प्रदर्शन के बाद धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफा पर भारतीय जनता पार्टी के सुकमा जिला महामंत्री विश्वराज सिंह चौहान ने कहा कि



कांग्रेस कार्यकाल में शिक्षा नीति पूरी तरह से फेल रही अब केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस कर रही गंदी राजनीति। धर्मेंद्र प्रधान ने युवाओं के भावनाओं का सम्मान करते हुए एवं युवाओं के आंदोलन का देश विरोधी ताकत अपने फायदे के लिए इस्तेमाल न करें इसलिए उन्होने देश हित में इस्तीफा दिया हैं। धर्मेंद्र प्रधान के चार वर्ष का कार्यकाल देश की शिक्षा व्यवस्था में ऐतिहासिक बदलाव का कालखंड रहा। वही 60 साल तक सत्ता में रहकर शिक्षा को बर्बाद करने वाली कांग्रेस पार्टी अपनी नाकामी को छुपाने के लिए बेबुनियाद और गंदी राजनीति कर रही है। कांग्रेस ने शिक्षा को सिर्फ वोट बैंक की गंदी राजनीति का हिस्सा बनाया। कांग्रेस कार्यकाल में नीति विहीन शिक्षा व्यवस्था के कारण देश को कोई समग्र शिक्षा नीति नहीं मिली। शिक्षा नीति केवल कागजों तक सिमट गई शिक्षा व्यवस्था में वोट बैंक के लिए सिर्फ मुगलों की वाह वाही की गईं। वही मोदी जी की नेतृत्व की सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को 21वीं सदी के हिसाब से ढाला। वहीं कांग्रेस की यूपीए की सरकार में एसएससी. बैंक, रेलवे और राज्य स्तरीय परीक्षा में पेपर लीक आम बात रही। यूपीए सरकार में नकल माफिया फल फूल रहे थे। आज मोदी जी की सरकार पेपर लीक के मामले में कठोर कदम उठा रही है। कांग्रेस सरकार में शिक्षा पर जीडीपी का 2.8 प्रतिशत ही खर्च होता था। विश्वविद्यालय एवं शिक्षकों के लाखों पद खाली रहते थे। भाजपा सरकार ने शिक्षा बजट को दोगुना किया और पांच नये आईआईटी, 7 आईआईएम, 15 एम्स खोले गए। धर्मेंद्र प्रधान के नेतृत्व में शिक्षा क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हमें मिली। 22 भारतीय भाषाओं में इंजीनियरिंग एवं मेडिकल पढ़ाई शुरू हुई समावेशी शिक्षा पर जोर दिया गया।

## निधन

### सरस्वती ठाकुर

**जगदलपुर।** हाटकचोरा निवासी सरस्वती ठाकुर पति स्व. लक्ष्मण सिंह ठाकुर सेवानिवृत्त रेंजर का निधन आज सुबह 6 बजे एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान हो गया। वह लंबे समय से अस्वस्थ थीं। उनकी अंतिम यात्रा आज अब्दुल कलाम वार्ड हाटकचोरा स्थित निवास से निकाली गई। अंतिम संस्कार में समाज के सदस्य व नागरिक मौजूद रहे। वह बलराम सिंह की माता थीं। भरा पूरा परिवार छोड़ गई।

# कृषि सखी और किसान मित्रों को मिला टिकाऊ खेती का व्यावहारिक ज्ञान

## केवीके दंतेवाड़ा ने नकुलनार में दिया प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के तहत संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दंतेवाड़ा ने प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि विकास योजना अंतर्गत जिला खनिज संस्थान न्यास निधि वित्तपोषित शिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 24 से 25 जुलाई को नकुलनार में किया गया। प्रशिक्षण में कुआकोंडा विकासखंड के 30 कृषि सखी एवं 19 किसान मित्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य कृषि सखी एवं किसान मित्रों को प्राकृतिक खेती, फसल संरक्षण तथा टिकाऊ कृषि तकनीकों की व्यवहारिक जानकारी प्रदान करना था, ताकि वे इन तकनीकों को किसानों तक प्रभावी ढंग से पहुँचा सकें। कार्यक्रम में डॉ. प्रवीण कुमार निषाद वैज्ञानिक कृषि प्रसंस्करण एवं खाद्य अभियांत्रिकी, कृषि विज्ञान केंद्र दंतेवाड़ा ने प्राकृतिक खेती के विभिन्न घटकों की जानकारी दी। उन्होंने बीजामृत, जीवामृत, नीमास्त्र एवं ब्रह्मास्त्र तैयार करने की विधि, धान, कोदो एवं कुटकी की फसलों में विभिन्न प्राकृतिक खेती घटकों के उपयोग का समय एवं मात्रा, येलो एवं पिंक स्टिकी ट्रैप के वैज्ञानिक उपयोग तथा खेतों में पक्षियों की सहायता से हानिकारक कीटों के नियंत्रण हेतु टी-आकार बनाकर उसका व्यवहारिक प्रदर्शन किया।



### सीखे फसल संरक्षण के गुर

इस अवसर पर डॉ. ईशांत सुकदेवे, वैज्ञानिक कृषि विस्तार ने धान की फसल में लगने वाले प्रमुख कीट एवं रोगों की पहचान, उनके लक्षण, कारण तथा समेकित एवं प्राकृतिक प्रबंधन के प्रभावी उपायों की जानकारी दी। उन्होंने किसानों को समय पर निगरानी, जैविक नियंत्रण एवं समन्वित कीट प्रबंधन अपनाने की सलाह दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि विभाग के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, कृषि विकास अधिकारी एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने कृषि सखियों एवं किसान मित्रों से प्राकृतिक खेती एवं वैज्ञानिक कृषि तकनीकों को गांव-गांव तक पहुंचाने का आह्वान किया। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उन्हें प्राकृतिक खेती एवं फसल प्रबंधन संबंधी व्यावहारिक जानकारी प्राप्त हुई, जिसका लाभ क्षेत्र के किसानों तक पहुंचाया जाएगा।

## कारगिल विजय दिवस पर 'आमोद अरण्य' का सातवां स्थापना दिवस

# शहीदों की याद में रोपे गए पौधे लिया राष्ट्रभक्ति का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शहीदों की स्मृतियों को प्रकृति के माध्यम से जीवंत रखने के उद्देश्य से स्थापित आमोद अरण्य का सातवां स्थापना दिवस गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने एकत्रित होकर शहीदों के नाम पौधारोपण किया तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। साल 2019 में शुरू हुआ आमोद अरण्य आज केवल एक हरित अभियान नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति और पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक बन चुका है। बंजर भूमि पर विकसित हो रहा यह स्मृति वन लोगों को यह संदेश देता है कि शहीदों का सम्मान केवल शब्दों से नहीं, बल्कि प्रकृति की रक्षा और आने वाली पीढ़ियों के लिए हरियाली छोड़ने से भी किया जा सकता है।

आमोद अरण्य के संस्थापक संदीप दीक्षित ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य शहीदों के बलिदान को प्रकृति के साथ जोड़कर समाज में सेवा, संवेदनशीलता और पर्यावरण संरक्षण की भावना विकसित करना है। उन्होंने सात वर्षों से इस अभियान से जुड़े सभी सहयोगियों और नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया।



संस्थापक सदस्य एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष अमलेंदु चक्रवर्ती ने कहा कि सात वर्षों की यात्रा समाज के विश्वास और जनसहभागिता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आज आमोद अरण्य अनेक लोगों के लिए प्रेरणा का केंद्र बन चुका है। कार्यक्रम का संचालन पर्यावरण कार्यकर्ता एवं एक पेड़ शहीदों के नाम अभियान की संस्थापक नंदिनी दीक्षित ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि यदि प्रत्येक नागरिक अपने जीवन में कम से कम एक पौधा किसी शहीद के नाम लगाकर उसकी देखभाल करे, तो यह उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने आमोद अरण्य की पहल को समाज के लिए अनुकरणीय बताते हुए इसकी सराहना की।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल, वन परिक्षेत्र अधिकारी प्रीतीश पांडेय, थाना प्रभारी अर्जुन पटेल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुमित सरकार, महिला मोर्चा जिला महामंत्री गीतांजलि जायसवाल, एनएमडीसी से डॉ. सरोज कुमार साहू, श्रमजीवी पत्रकार संघ अध्यक्ष आजाद सक्सेना, विधायक प्रतिनिधि निलेश पाटले, बैलाडीला पत्रकार संघ अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी, पार्षद हरीश शर्मा, तरुण भोर, वनस्पति शोधकर्ता गणेश निषाद, दंतेवाड़ा रेडियो कार्यालय से प्रीतीश मांझी, पार्षद दीपक सरकार, एल्डरमैन अरुणा टंडन, शिखा अधिकारी, लक्ष्मी पाणी, भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष सूरज जायसवाल, भावना सक्सेना, सीमा दीक्षित, बादल कुंडु, अनिल शर्मा सहित नागरिक एवं पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे। अंत में सभी ने शहीदों के सम्मान में अधिक से अधिक पौधारोपण करने, उनकी देखभाल सुनिश्चित करने तथा पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का सामूहिक संकल्प लिया।

# सरकारी स्कूल में दिखा प्रिंट रिच माहौल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

बस्तर ब्लॉक के उच्च प्राथमिक शाला मावलीगुड़ा छेपड़ापारा का निरीक्षण शनिवार को जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल एवं बीआरसी आजंबर कोर्राम ने किया। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने शाला संग्रहालय, मध्यान भोजन व्यवस्था, पोषण वाटिका एवं बच्चों की गुणवत्ता लर्निंग दक्षता का बारीकी से जायजा लिया। कक्षाओं में प्रिंट रिच वातावरण का अवलोकन किया गया। पहली से दूसरी कक्षा तक के बच्चों के लिए आरोही क्रम, बढ़ते क्रम एवं रोचक पूर्ण वातावरण तैयार किया गया था, जिसकी सराहना अधिकारियों ने की।

■ निरीक्षण करने पहुंचे जिला शिक्षा अधिकारी ने की सराहना

जिला शिक्षा अधिकारी ने कक्षा-कक्ष, शिक्षण सामग्री और शैक्षणिक गतिविधियों का निरीक्षण करते हुए सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा में नवाचार लाकर पढ़ाई को रोचक बनाया जाए। शाला में सकारात्मक और प्रेरणादायक वातावरण बनाकर बच्चों की लर्निंग दक्षता बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने शिक्षकों को बच्चों के साथ संवाद बढ़ाने और सतत मूल्यांकन पर जोर देने की सलाह दी।

इस अवसर पर बीआरसीने भी शाला की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और मध्यान्ह भोजन, उपस्थिति पंजी, पोषण वाटिका के रखरखाव सहित अन्य बिंदुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। इसके लिए शिक्षकों को समर्पण के साथ काम करना होगा।

# शासकीय कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल में बाल कैबिनेट का गठन, गायत्री बनीं प्रधानमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

बस्तर विकासखंड के अंतर्गत शासकीय कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल में प्राचार्य एआर नोन्हारे के मार्गदर्शन में आज बाल कैबिनेट का गठन एवं शपथ कार्यक्रम संपन्न कराया गया।

शाला में अध्ययनरत कक्षा 12वीं के कुमारी गायत्री कश्यप को प्रधानमंत्री (शाला नायिका)एवं कुमारी पलक बघेल को उप प्रधानमंत्री (उपशाला नायिका)के रूप में चयनित किया गया। इसी प्रकार शाला में शिक्षा मंत्री- कुमारी संजना लहरे एवं कुमारी सुरेखा मांझी, स्वास्थ्य मंत्री -कुमारी मोना कश्यप एवं खुशी पुजारी , क्रीड़ा मंत्री- कुमारी भूमिका मंडावी एवं कुमारी गीतांजलि नाग, सांस्कृतिक एवं मीडिया प्रभारी मंत्री- कुमारी मनीषा सरकार एवं संजू मरकाम, अनुशासन एवं पर्यावरण मंत्री- देवीका जैन एवं कुमारी रेणुका नाग को शपथ दिलाया गया।



साथ ही साथ माध्यमिक वर्ग में कुमारी मनीषा पोटाई को प्रधानमंत्री एवं कुमारी कुलेश्वरी को उप प्रधानमंत्री एवं अन्य सभी पदाधिकारियों पर माध्यमिक वर्ग के छात्राओं को चयनित कर प्राचार्य ए आर नोन्हारे द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम में सभी शिक्षक एवं स्टाफ एवं छात्राएं उत्साहपूर्वक रूप से उपस्थित रही । प्राचार्य ए आर नोन्हारे द्वारा चयनित एवं शपथ लिए छात्राओं को बधाई प्रेषित कर अनुशासन में रहते हुए कड़ी मेहनत कर उच्च अंक प्राप्त कर आगे बढ़ने एवं शाला के वातावरण को अनुशासित बनाए रखने में सक्रिय योगदान देने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा बारहवीं के सीनियर छात्राओं द्वारा सफलतापूर्वक किया गया।

# बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया के सुकमा आगमन पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अरुण सिंह भदौरिया ने सर्किट हाउस पहुंचकर सौजन्य भेंट की।

■ भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया का आत्मीय स्वागत

इस अवसर पर अरुण सिंह भदौरिया ने प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया का पुष्पगुच्छ एवं भगवान श्रीराम की प्रतिमा भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम में भाजपा एवं युवा मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।



इस मुलाकात के दौरान संगठनात्मक गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों, युवा मोर्चा की कार्ययोजना तथा पार्टी को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने के विषयों पर से चर्चा हुई। साथ ही भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा, संगठन विस्तार, जनसंपर्क अभियान एवं युवाओं की सक्रिय भागीदारी को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। नेताओं ने संगठन की मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने पर जोर दिया।

भेंट एवं संगठनात्मक चर्चा के पश्चात युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एवं भाजपा नेता छिंदगढ़ के लिए रवाना हुए, जहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात में सहभागिता की। इस दौरान कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने भी कार्यक्रम को सुना और प्रधानमंत्री के विचारों से प्रेरणा प्राप्त की।

प्रदेश नेतृत्व के सुकमा प्रवास को संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कार्यकर्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि ऐसे प्रवासों से संगठन को नई ऊर्जा मिलती है तथा आगामी कार्यक्रमों के सफल संचालन में गति प्राप्त होती है। सर्किट हाउस में हुई यह मुलाकात न केवल सौजन्य भेंट बल्कि संगठन के भविष्य की रणनीति और भावी योजनाओं को लेकर भी चर्चा का केंद्र बनी।

इस अवसर पर युवामोर्चा सगठन सह प्रभारी संजय साहू, भाजयुमो प्रदेश महामंत्री कुणाल ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष भीमा मड़कम प्रदेश मंत्री लोकेश साहू, पूर्व भाजपा कोषाध्यक्ष लीलाधर राठी, पूर्व जिलाध्यक्ष विवेक यादव, सह प्रभारी राजकुमार कश्यप जिलां प्रवक्ता रमेश यादव फ़रहान हासमी एवं युवा मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संस्था के सदस्यों ने पशु क्रुरता अधिनियम के तहत कार्यवाही की मांग की

# धारदार हथियार से पशु पर हमले की थाने में शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पशुओं की सेवा करने वाली संस्था स्ट्रे सेफ फाउंडेशन को सूचना प्राप्त हुई कि कुछ लोग कुत्तों को बेरहमी से धारदार हथियार से मार रहे है। संस्था के सदस्यों ने धरमपुरा महावीर नगर के पास स्थित अटल आवास घटना स्थल पहुंच कर जानकारी प्राप्त की। जिसमें दो व्यक्तियों रोहन शेट्टी और जय शेट्टी की पहचान की गई वे कुत्तों को भाले से घायल होने तक दौड़ा कर मारने तथा घायल अवस्था में चाकू मार कर जान लेना ज्ञात हुआ। इस घटना की शिकायत लेकर संस्था के सदस्य लुप्तेश जगत, अभिषेक अवस्थी, माधुरी गुप्ता, ऋतु नाग, मानसी गुप्ता, पूजा सिंग, पूनम पांडे, तनुल गुप्ता, ऋचा गौरखेड़े, सुनीता सोरी, नूरी, शैलेन्द्र शाह तथा अभिषेक मिश्रा थाना कोतवाली पहुंच कर आवेदन दिए। उन्होंने पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत शिकायत दर्ज कर कठोर कार्रवाही का निवेदन थाना प्रभारी लीलाधर राठौर से की।

निरमान एवं डब्ल्यूएचएच का अभिनव अभियान

# आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण शिक्षा को नई दिशा

**दंतेवाड़ा।** बच्चों के पोषण स्तर में सुधार और स्थानीय खाद्य संसाधनों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से निरमान संगठन ने डब्ल्यू एचएच परियोजना में इस माह दंतेवाड़ा की 8 परियोजनाओं में आंगनबाड़ी सहायिकाओं के लिए प्रशिक्षक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए हैं, जो अभी भी जारी हैं। प्रशिक्षण के दौरान सहायिकाओं को स्थानीय, विविध एवं मौसमी खाद्य पदार्थों तथा मिलेट्स के महत्व से अवगत कराया गया। साथ ही मिलेट्स से संबंधित पौष्टिक एवं स्वादिष्ट नई रेसिपियाँ तैयार करना सिखाया गया, जिन्हें आंगनवाड़ी के पूरक पोषण आहार में शामिल किया जा सके। प्रत्येक आंगनवाड़ी केंद्र में पोषण बाड़ी विकसित करने के लिए भी प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण उपरांत निरमान टीम ने सीडीपीओ एवं परियोजना अधिकारी, बारसूर परियोजना के सहयोग से बारसूर के दो आंगनवाड़ी केंद्रों में पपीता, कटहल, अमरूद, भिंडी, लौकी, बरबटी, मक्का, कद्दू तथा अत्यंत पौष्टिक सहजन सहित विभिन्न फल एवं सब्जियों के बीज एवं पौधे लगाए।

## कार्यशाला में गुरु रविदास समरसता संकल्प और हर घर तिरंगा यात्रा की बनी रणनीति

# समाज में समानता और सद्भाव का संदेश देगा रविदास समरसता अभियान : जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

भाजपा जिला कार्यालय अटल सदन में रविवार को गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान एवं हर घर तिरंगा-तिरंगा यात्रा को लेकर महत्वपूर्ण जिला कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में आगामी अभियानों को जन-जन तक पहुंचाने और संगठनात्मक रूप से सफल बनाने की विस्तृत रणनीति पर चर्चा की गई।

कार्यशाला में प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने कहा कि गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान समाज में समानता, सामाजिक समरसता और सद्भाव का संदेश देने का माध्यम है। वहीं हर घर तिरंगा अभियान देशभक्ति की भावना को मजबूत करने और प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान से जोड़ने का अभियान है।



जैन ने कार्यकर्ताओं से इन दोनों अभियानों को घर-घर तक पहुंचाने, अधिकतम जनसहभागिता सुनिश्चित करने तथा राष्ट्रहित और सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक ले जाने का आह्वान किया। कार्यशाला में अभियान की रूपरेखा, जिम्मेदारियों के निर्धारण और आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र निर्माण और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि श्री गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान समाज में समानता, सामाजिक समरसता और सद्भाव को सशक्त बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। वहीं हर घर तिरंगा अभियान प्रत्येक नागरिक में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत कर राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान बढ़ाने का अभियान है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपने-अपने घरों पर तिरंगा अवश्य फहराने का आह्वान किया। साथ ही केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने, पात्र हितग्राहियों को उनका लाभ दिलाने तथा जनता की समस्याओं के समाधान के लिए सक्रियता से कार्य करने का आग्रह किया।

कार्यशाला में पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, प्रदेश उपाध्यक्ष जी. वेंकट, प्रदेश प्रवक्ता टिकेश्वर जैन, जिला प्रभारी दीपेश अरोरा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीनिवास मुदलियार तथा भाजपा जिलाध्यक्ष घासीराम नाग, जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, सहित पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### गुरु पूर्णिमा को हर्षोल्लास मनाएं कार्यकर्ता

दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि गुरु पूर्णिमा भारतीय संस्कृति में माता पिता और गुरु के प्रति श्रद्धा, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का पावन पर्व है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से इस अवसर को बड़े हर्षोल्लास और गरिमापूर्ण ढंग से मनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गुरु के आदर्शों का अनुसरण कर समाज में संस्कार, समरसता और राष्ट्रसेवा की भावना को मजबूत करना हम सभी का दायित्व है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर (छ.ग.)**

**//उद्घोषणा//**

राजस्व प्रकरण क्रं/ ब-121/ 202607152300047/2025-26
ग्राम साडरा प.ह.नं. 20

एतद् द्वारा जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदक द्वारा स्वयं का जन्म प्रमाण पत्र बाबत् आवेदन पत्र, शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, पंचनामा, का मूलप्रति एवं आधार कार्ड, राशन कार्ड, की छायाप्रति के साथ इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है। आवेदक स्वयं मनुरा पिता बोटी , जाति माड़िया, निवासी ग्राम साडरा अपने स्वयं का जन्म तिथि 05/07/2004 का उल्लेखित है। जिसकी पेशी तिथि 31/07/2026 को नियत है। यदि किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो अपने अभिभाषक अथवा अधिवक्ता के माध्यम से निर्धारित अवधि तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयोपरान्त किसी के भी आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से उदघोषणा जारी किया गया ।

मुहर

**नायब तहसीलदार लोहण्डीगुड़ा**

**खबर संक्षेप**

### बस्तर में 2 से 3 डिग्री तापमान गिरने से उमस से मिली राहत

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग में मानसूनी गतिविधियां सामान्य रूप से सक्रिय हैं। जिले में पिछले कुछ हफ्तों से बारिश का असंतुलन देखा गया था, लेकिन आगामी 4 दिनों में मौसम का मिजाज बदलने और बारिश में तेजी आने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञ एसपी चंद्रा ने बताया कि जगदलपुर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में आसमान मुख्य रूप से घने बादलों से घिरा रहेगा। अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा और एक या दो बार गरज-चमक के साथ मानसूनी बौछारें पड़ने का अनुमान है। मानसूनी हवाओं के प्रभाव से अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट दर्ज की जा सकती है। जिससे उमस भरी गर्मी से राहत मिलेगी।

### पूर्व अध्यक्ष की गिरफ्तारी के बाद मौन तोड़े कांग्रेस

**गीदम।** भारतीय जनता पार्टी के जिला सोशल मीडिया प्रभारी राजेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस



शासनकाल में हुए सीजीपीएससी भर्ती घोटाले में पूर्व अध्यक्ष की गिरफ्तारी के बाद कांग्रेस का नैतिक दिवालियापन एक बार फिर उजागर हो गया है। प्रदेश के लाखों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले इस प्रकरण पर कांग्रेस और उसके शीर्ष नेतृत्व को अब मौन तोड़कर जनता के सामने जवाब देना चाहिए। राजेंद्र ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी देशभर में नैतिकता, पारदर्शिता और जवाबदेही की बड़ी-बड़ी बातें करते हैं। ऐसे में उनसे अपेक्षा है कि वे छत्तीसगढ़ की जनता और विशेषकर उन लाखों युवाओं से सार्वजनिक रूप से क्षमा याचना करें, जिनके सपनों और अधिकारों के साथ कांग्रेस शासनकाल में अन्याय हुआ। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व को यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वह इस कथित घोटाले के लिए जिम्मेदार तत्कालीन राजनीतिक नेतृत्व के विरुद्ध कोई कार्रवाई करेगा, अथवा कांग्रेस की नैतिकता केवल राजनीतिक विरोधियों पर प्रश्न उठाने तक ही सीमित है।

# अतिक्रमण और गंदगी की चपेट में ऐतिहासिक दलपत सागर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

नगर निगम ने 2026-27 में तालाबों के सौंदर्यीकरण के लिए 500 लाख का बजट में प्रावधान किया है । इसके अंतर्गत जलस्तर बढ़ाना, मजबूत टो वाल निर्माण, आकर्षक और मजबूत प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षित वोटिंग सुविधा तथा परिवारों के लिए मनोरंजन जोन बनाना है। नगर निगम ने कुछ हद तक इस ओर काम भी किया लेकिन तालाब को अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए बजट में कोई उल्लेख नहीं है। जिससे भू माफियाओं के हौसले बुलंद है और तालाब अतिक्रमण का भेंट चढ़ते जा रहा है।

रमैय्या वार्ड निवासी पूर्व एल्डरमैन हरीश साहू ने बताया कि लगभग 350 एकड़ में फैले इस तालाब को भू माफियाओं ने बालाजी मंदिर की तरफ से अतिक्रमण करते हुए 70 एकड़ तक समेट दिया है। वर्तमान में भी मिट्टी के बनाए मेड़ के अंदर मलबा डालकर अतिक्रमण करने की कोशिश जारी है। तालाब के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में नगर प्रशासन मौन है। यह तालाब राजनीतिक दलों के लिए धन कमाने का साधन बना हुआ है। जो भी दल नगर में सत्तासीन हुआ है उसकी प्राथमिकता में हमेशा से दलपत सागर रहा है जिस पर सफाई के नाम पर करोड़ों का बजट का प्रावधान किया जाता है। लेकिन हमेशा की तरह दलपत सागर में जलकुंभी, काई और गंदगी नजर आती है। जलकुंभी हटाने की दिशा में पूर्व में भी काफी काम किया गया। जिसमें चूना का बाल बना कर तालाब में छोड़ा गया था और यह कहा गया था कि यह जलकुंभी की जड़ों में जाकर उसे जड़ से समाप्त कर देगा और बार बार जलकुंभी के उगने की समस्या समाप्त हो जाएगी। लेकिन इसका असर नहीं हुआ बल्कि जलकुंभी पूरे तालाब में फैल गई है। सफाई के नाम पर इस बार भी नगर निगम ने तालाब सौंदर्यीकरण के नाम पर बड़ा बजट रखा है।

## हमेशा जलकुंभी हटाने बजट में करोड़ों का होता है प्रावधान



**जलकुंभी को हटाया जाएगा**

दलपत सागर में अतिक्रमण के बारे में कोई जानकारी नहीं है। अगर कहीं हुआ है तो मौके पर जाकर देखेंगे और कार्यवाही की जाएगी। जलकुंभी की सफाई हार्वेस्टर मशीन से प्रतिदिन हो रही है। जल्द ही दलपत सागर से जलकुंभी को हटाया जाएगा।

प्रवीण वर्मा
निगम आयुक्त जगदलपुर

## मोदी-शाह और साय सरकार के प्रयासों से दरभा में खत्म हुआ नक्सलवाद

# कभी जहां पहुंचना था मुश्किल, आज उसी दरभा में गूंजे पीएम मोदी के विचार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बीजापुर

- दरभा में वन मंत्री केदार कश्यप की मौजूदगी में ग्रामीणों ने सुना पीएम मोदी के 'मन की बात' का 136वां संस्करण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 136वें संस्करण का सामूहिक श्रवण रविवार को ग्राम पंचायत दरभा में उत्साह और जनभागीदारी के साथ किया गया। कार्यक्रम में वन मंत्री केदार कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, ग्रामीण, महिलाएं, युवा एवं स्कूली विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री के विचारों को एक साथ सुना और राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया।

वन मंत्री ने कहा कि दरभा क्षेत्र कभी घोर नक्सल प्रभावित माना जाता था, जहां पहुंचना भी बेहद कठिन था। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, गृह मंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में चलाए गए प्रयासों से क्षेत्र में शांति और विकास का वातावरण बना है। आज यहां इतने बड़े जनसहभागिता वाले कार्यक्रम का





सफल आयोजन इस सकारात्मक बदलाव का प्रमाण है, जिससे क्षेत्रवासियों को राहत और विश्वास मिला है।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, प्रदेश उपाध्यक्ष जी. वेंकट, प्रदेश प्रवक्ता टिकेश्वर जैन, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीनिवास मुदलियार, बीजापुर संगठन प्रभारी दीपेश अरोरा, जिलाध्यक्ष घासीराम नाग, जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पेरे पुलैया, जिला पंचायत सदस्य शंकरैया माड़वी, मैथ्यूज कुजूर, सामंतीन कोरसा, प्रीति अर्को, सहित पदाधिकारी जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता, ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

इस दौरान क्षेत्र के 120 युवाओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर पूर्व मंत्री महेश गागड़ा एवं प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने सभी नवसदस्यों का पुष्पमाला एवं भाजपा गमछा पहनाकर स्वागत किया। नेताओं ने युवाओं का पार्टी परिवार में अभिनंदन करते हुए राष्ट्र निर्माण, जनसेवा और संगठन को मजबूत बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

मन की बात के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनभागीदारी, पर्यावरण संरक्षण, नवाचार, आत्मनिर्भर भारत, सामाजिक जागरूकता तथा देश की विकास यात्रा में नागरिकों की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। उपस्थित लोगों ने पूरे ध्यान से कार्यक्रम का श्रवण किया और प्रधानमंत्री के संदेशों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया। ग्रामीणों और विद्यार्थियों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक सोच, सेवा भाव और राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करते हैं।

कार्यक्रम के उपरांत केदार कश्यप ने पात्र हितग्राहियों को वन अधिकार पट्टों का वितरण किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनजातीय समाज के अधिकारों की रक्षा, उनकी आजीविका को मजबूत करने तथा उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। वन अधिकार पट्टा केवल भूमि का अधिकार नहीं, बल्कि आदिवासी परिवारों के सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। उन्होंने हितग्राहियों से भूमि का सदुपयोग कर कृषि एवं आजीविका को सशक्त बनाने का आह्वान किया।

**एक पेड़ मां के नाम किया पौधरोपण**

इस अवसर पर प्रधानमंत्री के आह्वान पर चल रहे एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वन मंत्री केदार कश्यप, पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, प्रदेश महामंत्री यशवत जैन सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सभी ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल और अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ने का संकल्प लिया। पूरा आयोजन राष्ट्रभक्ति, जनसेवा और विकास के संकल्प से ओत-प्रोत रहा। बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों, महिलाओं, युवाओं और विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री के विचारों से प्रेरणा लेते हुए समाज, पर्यावरण और राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प दोहराया।

## बड़ेगुड़रा एनएसएस इकाई ने चलाया सड़क सुरक्षा अभियान




हरिभूमि न्यूज ▸▸ गीदम

- जिला परिवहन अधिकारी ने सिखाए नियम, विद्यार्थियों ने निकाली रैली

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़ेगुड़रा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने जुलाई माह में जनजागरुकता को लेकर कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए। विद्यालय के स्वयंसेवकों ने समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत सड़क सुरक्षा अभियान से हुई। इस अवसर पर जिला परिवहन अधिकारी विद्यालय पहुंचे और उपस्थित सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं गणमान्य नागरिकों को सड़क सुरक्षा के नियमों, हेलमेट, सीट बेल्ट के उपयोग तथा यातायात संकेतों की जानकारी दी। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा हाथों में तख्तियां लेकर सड़क सुरक्षा संदेशों के साथ रैली निकाली गई। रैली का उद्देश्य आमजन को दुर्घटनाओं से बचाव के प्रति जागरूक करना था।

छत्तीसगढ़ शासन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त कार्यक्रम कैच द रेन के तहत विद्यालय परिसर में जल सोखता का निर्माण किया गया। इसका उद्देश्य बरसात के पानी को व्यर्थ बहने से रोककर भूमिगत जल स्तर में वृद्धि करना है। इस दौरान वीडियो के माध्यम से विद्यार्थियों और उपस्थित नागरिकों को जल संरक्षण, वर्षा जल संग्रहण और उसके लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों ने रंगोली के माध्यम से नशे के दुष्प्रभाव और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया। कार्यक्रम में समाज को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। इन सभी कार्यक्रमों के सफल संचालन में प्राचार्य चन्द्रामणि जायसवाल के मार्गदर्शन में कार्यक्रम अधिकारी तेजराम हिडको, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं एनएस के स्वयंसेवकों ने उल्लेखनीय योगदान दिया।

## देश के 890 जिलों में गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने आज सौंपेंगे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

- वैदिक मंत्रोच्चार के साथ निकलेगी कलश यात्रा

कल 27 जुलाई को सुबह 8 बजे से पूरे भारत के 890 जिलों में वैदिक मंत्रोच्चार के बाद कलश यात्रा निकाल कर जिलाधीश कार्यालय में गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने के लिए ज्ञापन दिया जाएगा। ये बातें गौ सम्मान अभियान के जिला प्रभारी दीपक पनपालिया ने हरिभूमि से चर्चा में कही। उन्होंने कहा कि पूरे भारत में गौ हत्या बंद होनी चाहिए, गौ सेवा के लिए केंद्रीय कानून लागू होना चाहिए, अलग से गौ सेवा मंत्रालय बनना चाहिए, सभी राज्यों में निराश्रित गौ वंश हेतु संचालित गौशालाओं को सरकार अनुदान दे। उन्होंने कहा कि भारत सरकार को प्रत्येक प्रांत में एक एक गौ अभ्यारण खोलना चाहिए। गौशालाओं को मनरेगा से जोड़ा जाए ताकि गौ शाला में काम करने वाले लोगों को 100 दिन का ग्वाल वेतन मनरेगा से प्राप्त हो, गौ हत्या में लिप्त अपराधियों को कठोर कानून के तहत आजीवन कारावास होना चाहिए। कंपनियों के सीएसआर मद से एक निश्चित राशि गौ सेवा से जुड़े कार्यों में खर्च की जाए। गौ चिकित्सा और विद्यालय खोला जाए, सड़कों पर घुमंतू पशुओं के बारे में उन्होंने कहा कि इसके लिए निगम को कठोर नियम लागू करना चाहिए। अभी मात्र 500 की राशि लेकर कांजी हाउस से गौ माताओं को छोड़ दिया जाता है। कठोर नियम से गौ मालिक गौ माता को खुले नहीं छोड़ेंगे, आज भी पुराने रेट पर कांजी हाउस चलाने के लिए निगम ने टेंडर निकाला था। जबकि दाना, भूसी का रेट काफी बढ़ गया है इसलिए किसी ने रुचि नहीं दिखाई और टेंडर नहीं भरा। अब निगम खुद ही कांजी हाउस चला रही है। घुमंतू पशुओं के लिए उन्होंने शासन के लचीले कानून को दोषी ठहराया। इस पूरे अभियान के आयोजन के बारे में उन्होंने कहा कि गौ माता और नंदी बाबा के नेतृत्व में हो रहा है। किसी संस्था या व्यक्ति का इसमें सीधा हस्ताक्षेप नहीं है।

## बस स्टैंड में ऑटो चालकों की मनमानी पर पुलिस सख्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सुकमा

- कोतवाली में बैठक लेकर जारी किए नए निर्देश

शहर के बस स्टैंड पर ऑटो चालकों की अव्यवस्था और जाम की समस्या को लेकर हरिभूमि में प्रमुखता से प्रकाशित समाचार का असर अब दिखाई देने लगा है। समाचार प्रकाशित होने के बाद रविवार को थाना सुकमा में नगर पालिका और पुलिस प्रशासन ने ऑटो चालकों की बैठक आयोजित कर यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

**सीमित संख्या में खड़े रहेंगे ऑटो :** बैठक में नगर पालिका अधिकारी विनीत सॉव और थाना प्रभारी रोशन सिंह राजपूत ने बस स्टैंड से विभिन्न मार्गों पर संचालित ऑटो चालकों से चर्चा की। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि स्वामी विवेकानंद प्रतिमा के समीप केवल टर्न के अनुसार सवारी लेने वाले सीमित संख्या में ऑटो ही खड़े रहेंगे, जबकि अन्य सभी ऑटो निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़े किए जाएंगे।





सुकमा बस स्टैंड में ऑटो चालकों की मनमानी

कार्रवाई के अभाव में बस स्टैंड बना ऑटो स्टैंड



**बैठक तक सीमित रहेगा है या धरातल पर दिखेगा असर**

उल्लेखनीय है कि हरिभूमि ने हाल ही में बस स्टैंड पर ऑटो चालकों द्वारा मनमाने ढंग से वाहन खड़े किए जाने, यात्रियों की परेशानी और रोजाना लगने वाले जाम की समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसके बाद पुलिस और नगर पालिका द्वारा संयुक्त पहल करते हुए ऑटो चालकों की बैठक आयोजित कर व्यवस्था सुधारने की दिशा में कदम उठाया गया है। अब देखना होगा कि इन निर्देशों का पालन कितना प्रभावी ढंग से होता है और बस स्टैंड पर यातायात व्यवस्था में कितना सुधार आता है।

**ऑटो चालकों को दी गई हिदायत**

कोतवाली सुकमा में आयोजित बैठक में सभी चालकों को वैध ड्राइविंग लाइसेंस, पंजीयन और बीमा दस्तावेज साथ रखने, यातायात नियमों का पालन करने, ऑटो के दोनों ओर बाहर की तरफ सवारी न बैठाने तथा नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने की सख्त हिदायत दी गई। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात नियमों के पालन को लेकर भी विस्तार से समझाइश दी गई। बैठक के बाद थाना सुकमा पुलिस ने सुकमा-दंतेवाड़ा मार्ग पर विशेष यातायात जागरूकता अभियान चलाकर वाहन चालकों को हेलमेट, सीट बेल्ट, गति सीमा और आवश्यक दस्तावेजों के साथ वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया।

## कार्यकर्ताओं की सक्रियता से संगठन होगा मजबूत : अध्यक्ष सुशील मौर्य



हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने राजीव भवन में संगठनात्मक बैठक कर आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की। संगठन को मजबूत एवं सक्रिय बनाने, कांग्रेस की विचारधारा और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा पार्टी द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों एवं गतिविधियों को प्रभावी रूप से संचालित करने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। मौर्य ने सभी पदाधिकारियों से संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा संगठन की मजबूती प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रियता और जमीनी स्तर पर निरंतर संपर्क से सुनिश्चित होती है। इसलिए सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में आमजन से निरंतर संवाद स्थापित करें और उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के साथ सामने लाते हुए उनके निराकरण के लिए प्रभावी प्रयास करें।

**ये रहे मौजूद**

बैठक में पूर्व विधायक रेखचंद जैन, नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, रामशंकर राव, जिला उपाध्यक्ष अतिरिक्त शुक्ला, लेखन बघेल, वीरेंद्र परिहार, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, उपनेता कोमल सेना,महामंत्री अभिषेक नायडू,विजय सिंह, अमरनाथ सिंह, अल्ताफ उल्ला खान, प्रशांत जैन, सुषमा सुता,नीतीश शर्मा, रविशंकर तिवारी, विजय प्रकाश दास, प्रकाश अग्रवाल, ब्लॉक अध्यक्ष बलराम यादव, संतोष सेठिया,किसान कांग्रेस अध्यक्ष दयाराम कश्यप, एनएसयूआई अध्यक्ष विशाल खंबारी सहित अन्य मौजूद रहे।

## नक्सलमुक्त क्षेत्र में ग्रामीणों से एसपी का सीधा संवाद

# सादगी और जनसंवाद से जीता ग्रामीणों का विश्वास

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सुकमा

- कभी चुनौती पूर्ण था क्षेत्र, अब बच्चों के साथ कर रहे है चहल कदमी

कभी नक्सलियों के गढ़ और कथित राजधानी माने जाने वाले सुकमा जिले के अंदरूनी इलाकों में अब सुरक्षा बलों की सक्रिय मौजूदगी और विकास का नया माहौल देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर ने सीआरपीएफ के उप पुलिस महानिरीक्षक आनंद राज पुरोहित के साथ थाना दोरनापाल, चिंतागुफा, चिंतलनार तथा संबंधित सीआरपीएफ कैंपों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

दौरे के दौरान एसपी ने जवानों से क्षेत्र की सुरक्षा स्थिति की जानकारी ली और कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस और सुरक्षा बलों के बीच बेहतर समन्वय तथा सतर्कता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

**सहज व्यवहार के साथ एसपी ने की चर्चा :** सुरक्षा समीक्षा के साथ-साथ एसपी मयंक गुर्जर का मानवीय और सहज व्यवहार भी चर्चा का विषय रहा। वे सुदूर गांवों में पहुंचे, जहां ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने भी खुलकर अपनी बात रखी और पुलिस की इस पहल की सराहना की।

**दौरे में दिखी मुस्कान और पुलिस के प्रति अपनापन**

बीहड़ कहे जाने वाले क्षेत्र मे दौरे का सबसे भावुक पल तब देखने को मिला जब एसपी बच्चों के बीच पहुंचे। उन्होंने बच्चों के साथ आत्मीयता से समय बिताया, उन्हें चिप्स, चॉकलेट और बिस्किट वितरित किए तथा उनके साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं। इस दौरान बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और पुलिस के प्रति अपनापन साफ दिखाई दिया।



**112 पर दें जानकारी**

पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल निकटतम थाना या डायल 112 पर दें, ताकि जिले में शांति और सुरक्षा का वातावरण और अधिक मजबूत हो सके।

**बदलते बस्तर और जनविश्वास**

एक समय जिन इलाकों में आम लोगों का पहुंचना भी चुनौती माना जाता था, वहां आज पुलिस अधिकारी ग्रामीणों के बीच बैठकर संवाद कर रहे हैं। इसे बदलते बस्तर और जनविश्वास आधारित पुलिसिंग की दिशा में एक सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। सुकमा पुलिस का कहना है कि जिले में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ पुलिस और आमजन के बीच विश्वास को मजबूत करना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

